डॉ. केशरी लाल वर्मा
कुलपति

**Dr. Keshari Lal Verma**
**Vice Chancellor**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) भारत
**Pt. Ravishankar Shukla University**
**Raipur (Chhattisgarh) - 492010-INDIA**
Office :
Fax : +91 771-2263439
E-mail : vc_raipur@prsu.org.in
Website : www.prsu.ac.in
Mobile :

क्रमांक / 2941 / के.एस. / 2021
रायपुर, दिनांक 21 मई, 2021

प्रिय विद्यार्थियो,

**आशा है कि आप स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं।**

इस समय हम सब कोरोना वायरस के संक्रमण–काल से गुजर रहे हैं। इस स्थिति में इस से बचाव के लिए जागरूकता की महती आवश्यकता है। हमारे विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य इस समय अपने–अपने स्तर पर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। कोविड–19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के स्तर पर प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं छात्र–छात्राओं के माध्यम से सभी नागरिकों में कर्तव्यों के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी बढ़ाने संबंधी अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की ओर से समय–समय पर जारी किए गए कोविड प्रोटोकॉल, कोविड बिहेवियर (मास्क लगाना, समय–समय पर हाथ धोना या सेनिटाइज करना, सामाजिक दूरी बनाए रखना, जन–समूह से बचना, और टीका लगवाना) का पालन सुनिश्चित कराने एवं टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास किए गए हैं, जिस में छात्र–छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का योगदान प्रशंसनीय रहा है। आप इस अभियान में अपना योगदान निरंतर देते रहें।

पूरे विश्व में जलसंकट तेजी के साथ बढ़ रहा है। पानी हम सभी के जीवन के लिए अमूल्य धरोहर है। रोजमर्रा के कामों में पानी का इस्तेमाल कैसे करना है, इस के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि भविष्य में सभी के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित जलशक्ति अभियान–'कैच द रेन' के क्रियान्वयन में प्री–मानसून और मानसून की अवधि तक जहाँ भी, जब भी हो, वर्षा जल का संग्रहण करने में भागीदार बनें।

इस दौर में भी हमें शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों को गतिशील बनाए रखना है। शिक्षण सत्र 2020–'21 का अध्ययन–अध्यापन कार्य ऑनलाईन माध्यम से संपन्न हुआ है। मार्च, 2021 में सेमेस्टर परीक्षाएँ प्रारंभ हो चुकी थीं, परंतु लॉकडाउन के कारण 19 मार्च, 2021 के बाद की समस्त परीक्षाएँ स्थगित करनी पड़ी। ये स्थगित परीक्षाएँ 24 मई, 2021 से पुनः प्रारंभ हो रही हैं। विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में पूर्व में आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं एवं समय–सारिणी जारी की जा चुकी है। आशा है कि आप सभी परीक्षा–योजना के अनुसार पूरी तरह से तैयार होंगे। परीक्षा को पूर्ववत गंभीरता से लेते हुए पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों एवं तनावमुक्त रहकर परीक्षा दें।

स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें।

शुभकामनाओं सहित,

(केशरी लाल वर्मा)

समस्त विद्यार्थीगण,
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर